हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

10 कौंदकेरा में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का पर्व



12 खाद की किल्लत से परेशान किसानों का...






श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# मौसम का कहर, हर घर में वायरल फीवर के मरीज, सबसे ज्यादा बच्चे पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सावन खत्म होते ही भादो का महीना शुरू होते ही मौसमी बुखार और वायरल फीवर का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। इस संक्रमण से सबसे ज्यादा छोटे बच्चे प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन हर घर में लोग वायरल फीवर की चपेट में आकर बुरी तरह तप रहे हैं। यह बुखार शरीर को तोड़कर रख देता है और सही समय पर इलाज न मिलने पर एक हफ्ते से दस दिन तक परेशान कर सकता है। शहर के सभी छोटे-बड़े अस्पताल और नर्सिंग होम वायरल फीवर के मरीजों से भरे हुए हैं। डॉक्टर्स और मेडिकल स्टोर वालों को दिन-रात काम करना पड़ रहा है। सुबह से लेकर देर रात तक दवाइयां खरीदने वालों की लंबी लाइनें लगी रहती हैं। मौसम में अचानक हो रहे उतार-चढ़ाव को इस संक्रमण का मुख्य कारण माना जा रहा है। कभी तेज धूप, तो कभी बारिश और फिर उमस, ऐसे में शरीर का तापमान भी बार-बार बदलता है। वायरल के मरीज कभी ठंड से कांपते हैं तो कभी पसीने से भीग जाते हैं।

## अस्पतालों में मौसमी बुखार के मरीजों की भीड़



वायरल के साथ-साथ मरीजों में नाक बहने और गले में खराश की शिकायत भी देखी जा रही है। इलाज में देरी होने पर खांसी की समस्या बढ़ जाती है, जो ठीक होने में लंबा समय लेती है। नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केआर सिन्हा ने बताया कि मौसमी

### लक्षण और बचाव

वायरल बुखार का असर चार से पांच दिनों तक रह सकता है। उन्होंने सलाह दी है कि गले की खराश के लिए तुलसी पत्ता युक्त काढ़ा पीना फायदेमंद हो सकता है। साथ ही, उन्होंने बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दवा लेने से मना किया है। डॉ. सिन्हा ने लोगों को घर का बना गर्म भोजन और उबला हुआ पानी पीने की सलाह दी है। अन्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस संक्रमण का असर सितंबर के पहले हफ्ते तक प्रभावी रह सकता है।

## खबर संक्षेप

### कुल्हाड़ीघाट में कांग्रेसियों का कार्यक्रम आज

**मैनपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर, 20 अगस्त को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा राजीव गांधी को याद करने के लिए उनके गोद लिए गांव कुल्हाड़ीघाट में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार होगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव और महामंत्री गेंदू यादव ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी अपनी पत्नी के साथ 1985 में मैनपुर से 18 किलोमीटर दूर विशेष पिछड़ी कमार आदिवासी गांव कुल्हाड़ीघाट आए थे। उन्होंने यहां कमार जनजाति की जीवनशैली को करीब से देखा और इस गांव को गोद लिया था। गांधी के गोद लेने के बाद, कुल्हाड़ीघाट में कमार जनजातियों के उत्थान और विकास के लिए कई योजनाएं चलाई गईं। गांव तक पक्की सड़क और पुल-पुलिया का निर्माण भी किया गया।



### नगर देवांगन समाज का सम्मान समारोह आज

**नवापारा-राजिम।** नगर देवांगन समाज का सम्मान समारोह आज बुधवार 20 अगस्त को छांटा रोड स्थित देवांगन समाज भवन में होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू होंगे। अध्यक्षता पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी,नेता प्रतिपक्ष संख्या राव,वार्ड नं 11 के पार्षद फागुराम देवांगन करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में पालिका के सभापति रवि साहू,सहदेव कंसारी, केकती सोनवानी, पूजा कंसारी, निर्मला साहू,जागेश्वर यादव, सचिन सचदेव, पार्षद रामरतन निषाद,लोमेश्वरी साहू, तरूण कंसारी, हेमंत साहनी, टिकेश्वर गिलहरे,अर्जुन साहू, भारत सोनकर, जीना निषाद, नम्मू ठाकुर, दीपाली राजपूत, अजय साहू मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देवांगन समाज के मीडिया प्रभारी राजू देवांगन ने दी।

### बिजली में स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर आज

**फिंगेश्वर।** राज्यपाल के गोद ग्राम बिजली (मड़वाडीह) ब्लॉक फिंगेश्वर में जिला स्वास्थ्य समिति जिला गरियाबंद के सौजन्य से दिनांक 20 अगस्त 2025 दिन बुधवार समय प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर बिजली में स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। खंड चिकित्सा अधिकारी राजिम के डॉक्टर व्ही के हिरौंदिया ने बताया की कलेक्टर बीएस उईके व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यूएस नवरत्न गरियाबंद के निर्देशानुसार माननीय राज्यपाल के गोद ग्राम बिजली में स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें स्त्री रोग जांच एवं परामर्श,शिशु रोग जांच एवं परामर्श, नेत्र रोग जांच एवं परामर्श, कुष्ठ रोग जांच एवं परामर्श, टीवी रोग जांच एवं परामर्श, ईसीजी जांच, दंत रोग जांच एवं परामर्श, प्रयोगशाला लैब जांच, ब्लड ग्रुप ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन सिकलिंग, मलेरिया जांच, बीपी शुगर जांच एवं परामर्श मनोरोग नशा मुक्ति जांच एवं परामर्श की सेवाएं प्रदान की जाएगी।

## समस्या : बाइक, कार और बस वाहनों का मार्ग पर चलना मुश्किल

# कुण्डेल व छुईहा-चैतरा तक सड़कें जर्जर खुटेरी में गाड़ियों की चेसिस टकरा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

राज्यपाल के गोद लिए गांव मड़वाडिही से होते हुए बिजली, खड़ियाडीही, खुटेरी, सिर्रीखुर्द और कुण्डेल को जोड़ने वाली 12 किलोमीटर लंबी सड़क की हालत बेहद खराब है। जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे खतरनाक 'डेंजर पॉइंट' बन गए हैं, जिससे बाइक, कार और बस जैसे वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है। हर दिन यहां कोई न कोई दुर्घटना हो रही है। खुटेरी गांव के पास एक बड़े गड्ढे के कारण गाड़ियों के नीचे का हिस्सा (चेसिस) सड़क से रगड़ खा रहा है। इससे वाहनों के पट्टे टूटने और पिन निकलने का खतरा हमेशा बना रहता है। कुण्डेल में नल-जल योजना के तहत खोदा गया एक गड्ढा जानलेवा बन गया है। कुछ हफ्ते पहले, बिजली गांव के रहने वाले भीम सिंह इसी गड्ढे में गिर गए और उनका पैर फ्रैक्चर हो गया। यह जानकारी पीएचई अधिकारी नवीन साहू को दी गई थी, लेकिन उन्होंने इसे ठीक करने का आश्वासन देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की। यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग, गरियाबंद के अधीन है और इसके अधिकारी अभिषेक पाटकर हैं। उनका कहना है कि सड़क के रखरखाव (मरम्मत) के लिए कोई फंड नहीं है। उन्होंने बताया कि नई सड़क बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, लेकिन जब तक वह स्वीकृत नहीं होता, लोगों को इन्हीं खराब सड़कों पर सफर करना पड़ेगा। यह सड़क एक व्यस्त मार्ग है, जिस पर धान संग्रहण केंद्र, कुण्डेल भाठा से भारी भरकम धान लोड करके आने-जाने वाले ट्रकों की संख्या अधिक ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ स्कूल और कॉलेज के छात्रों को भी रोजाना दुर्घटनाओं का करना पड़ रहा सामना



### फिंगेश्वर के वार्ड 13 में जलभराव, लोगों ने पंचायत से मदद मांगी



**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत फिंगेश्वर के वार्ड नंबर 13 में डब्लूडी ऑफिस के पास बारिश के कारण सड़क पर पानी जमा हो रहा है। वार्ड के निवासियों ने नगर पंचायत से इस समस्या को हल करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस रास्ते पर लाखों रुपये खर्च करके नाली तो बनाई गई है, लेकिन पानी की निकासी नहीं होने से यह बेकार साबित हो रही है। लोगों ने कहा कि नाली में पानी निकालने के लिए एक निकासी द्वार बनाया गया था, लेकिन उसे बंद कर दिया गया है। अगर यह द्वार खोल दिया जाए, तो सड़क पर पानी जमा नहीं होगा। उन्होंने नगर पंचायत से जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया, क्योंकि अगर ज्यादा बारिश हुई तो यह पानी घरों में भी घुस सकता है।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें जर्जर, गड्ढों से बढ़ रहे हादसे

**मैनपुर।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़कें कुछ ही सालों में जर्जर हो गई हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार मरम्मत की मांग के बावजूद संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे आदिवासी क्षेत्रों के लोग परेशान हैं। मैनपुर मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर गौरघाट से रामपारा तक 6 साल पहले करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़क जगह-जगह से टूट गई है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्राम गोपालपुर की सरपंच कंवलीबाई दीवान, पूर्व सरपंच खोलन दीवान, देहारगुड़ा के सरपंच महेश दीवान और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार सड़क मरम्मत की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार, यह सड़क निर्माण के दो साल के भीतर ही खराब हो गई थी, लेकिन मरम्मत की मांग पर विभाग ने 5 साल की गारंटी का हवाला दिया। अब ग्रामीण कलेक्टर और उच्च अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई हल नहीं निकला है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2021 में धवलपुर से मोहंदा तक 46 लाख रुपये की लागत से सड़क का नवीनीकरण हुआ था। लेकिन यह सड़क सिर्फ 6 महीने ही चल पाई। 3.5 किलोमीटर की इस सड़क पर कई जगह से डामर गायब हो गया है और सिर्फ गड्ढे ही दिखाई दे रहे हैं, जिससे दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। ग्रामीण कई बार मरम्मत की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे उनका आक्रोश बढ़ रहा है। ग्राम पंचायत गोपालपुर की सरपंच कंवलीबाई दीवान ने बताया कि जर्जर सड़क के कारण आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



## पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर,1 की मौत, दो घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे राजिम-परसदा मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब एक पिकअप वाहन ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी के मुताबिक, पिकअप वाहन परसदा की ओर से आ रही थी, जबकि बाइक सवार राजिम की ओर से जा रहे थे। इसी दौरान दोनों वाहनों के बीच भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक पर सवार लोग सड़क पर गिर पड़े।

हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने घायलों की मदद की और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। इस हादसे में बाइक सवार 35 वर्षीय नरेश निषाद की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक पर सवार राजू निषाद और शत्रुघ्न निषाद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। दोनों घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है, लेकिन उन्हें अभी भी डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

**पुलिस की जांच जारी-** दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है, लेकिन उसका चालक मौके से फरार हो गया। विवेचना अधिकारी श्री ▶▶| शेष पेज 10 पर

## भांजे की हत्या करने वाला मामा हुआ गिरफ्तार, फुंकनी से किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां ग्राम दर्रीपारा (कोचवाय) के 45 वर्षीय चंद्रकुमार निषाद ने अपने ही भांजे जयलाल निषाद की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस वारदात की जानकारी ग्रामीणों और सरपंच ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही गरियाबंद सिटी कोतवाली पुलिस, डीएसपी निशा सिन्हा और थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। 18 अगस्त को जयलाल निषाद अपने घर के आंगन में खून से लथपथ मृत पाया गया। उसके शरीर पर चोट और मारपीट के निशान थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और संदेह के आधार पर मृतक के मामा चंद्रकुमार को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार, मृतक जयलाल शराब का आदी था और ▶▶| शेष पेज 10 पर



## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। आज जनदर्शन में 50 लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम पण्डरीपानी के रिखीराम ने भूमि का अधिकार पट्टा प्रदान करने, ग्राम सातधार के दीपक ने आर्थिक सहायता प्रदान करने, ग्राम सरगोड के मुलचंद सिन्हा ने अवैध कब्जा को हटाने, नगर पंचायत राजिम के पुनूराम ने सीमाकंन हेतु नक्शा प्रदान करने, ग्राम बेन्दकुरा की सोनबाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने, ग्राम अमलीपदर के माखन सिंह ने फसल क्षति के लिए मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम पितईबंद के बालक दास ने आरबीसी 6-4 के तहत सहायता राषि प्रदान करने, ग्राम कोदोबतर की उमा ध्रुव ने रसोइया पद नियुक्ति दिलाने, ग्राम ▶▶| शेष पेज 10 पर



जनदर्शन में मिले 50 आवेदन

## मंत्रियों के मुखौटा लगाकर उनके वादों को माइक से जनता को सुनाया

# एनएचएम कर्मचारियों के आंदोलन से स्वास्थ्य सेवाएं ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के 16,000 से अधिक कर्मचारी अपनी 10-सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इस आंदोलन के कारण पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएँ बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कर्मचारियों की मुख्य मांगों में नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना और 27% लंबित वेतनवृद्धि शामिल हैं।प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी और प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने बताया कि कर्मचारियों ने कई बार मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी जायज माँगें रखीं, लेकिन हर बार उन्हें अनदेखा किया गया। उन्होंने कहा कि 27% वेतनवृद्धि, मेडिकल अवकाश और ग्रेड पे पर स्वीकृति मिलने के बावजूद आदेश जारी नहीं किए गए, जिससे कर्मचारी अब हड़ताल करने को मजबूर हुए हैं।



**हड़ताल से प्रभावित प्रमुख सेवाएं-** मरीजों को दवाइयाँ नहीं मिल पा रही हैं। नवजात शिशु वार्ड और पोषण आहार केंद्र बंद हो गए हैं। शुगर, ब्लड टेस्ट, टूनाट, सीबीनाट से बलगम टेस्ट, और नेत्र जाँच बाधित हैं। स्कूल और आँगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ रूटीन टीकाकरण भी पूरी तरह से बंद हो गया है। टीबी, मलेरिया और कुष्ठ जैसी गंभीर बीमारियों के मरीजों को दवाइयाँ नहीं मिल रही हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कई अस्पताल अव्यवस्थित हो गए हैं और कुछ तो बंद होने की कगार पर हैं। कर्मचारी संघ ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ही कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और भी उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी। इस विरोध प्रदर्शन में अमृत राव भोंसले (जिलाध्यक्ष), भूपेश साहू, भूपेंद्र सिन्हा, रजत महतो, कमलेश्वर ढीढी, संदीप वर्मा, योगेश साहू, डॉ. शंकर पटेल, डॉ. योगेंद्र रघुवंशी और विभिन्न ब्लॉक अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बाइक चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली है और आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

23 जून 2025 को डोगरीगांव के निवासी महेश राम ध्रुव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 20 जून को वह सब्जी खरीदने सब्जी मंडी गए थे। जब वह वापस आए तो देखा कि उनकी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 23 एल 8401) गायब थी। बाइक की कीमत 25,000 थी। महेश की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पारागांव का रहने वाला नंदलाल ध्रुव उर्फ नंदू एक संदिग्ध बाइक चला रहा है, जिसकी नंबर प्लेट बदली हुई है। पुलिस ने नंदू को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### नपा के प्रभारी सहायक निरीक्षक हुए सम्मानित

**नवापारा-राजिम।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को नगर पालिका परिषद नवापारा के प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा को रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। यह सम्मान श्री मिश्रा को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सराहनीय योगदान के लिए मिला। श्री मिश्रा को सम्मान मिलने पर नवापारा सीएमओ लवकेश पैकरा,पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी,पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी,पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, चतुर जगत तथा सभी सभापति, पार्षद, गणमान्य नागरिको एवं पत्रकारो ने बधाई दी है।

### जिले के भूतेश्वर नाथ धाम में फूड फेस्टिवल का आयोजन



**गरियाबंद।** पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम के तहत आज ग्राम पंचायत मरोदा के भूतेश्वर नाथ धाम में एक फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस फेस्टिवल में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक मोटे अनाज जैसे रागी, कोदो-कुटकी, ज्वार, बाजरा और शहद से बने कई तरह के व्यंजन प्रदर्शित किए गए।

भूतेश्वर नाथ धाम में 13 स्व-सहायता समूह अलग-अलग आजीविका गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। इन गतिविधियों से महिलाओं की आजीविका में सुधार हो रहा है, जिससे उन्हें बिहान योजना के तहत लखपति बनने में मदद मिलेगी। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और गरीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत गरियाबंद के सीईओ केएस नागेश, बीपीएम प्रफुल्ल देवांगन, क्षेत्रीय समन्वयक दुर्गेश प्रसाद साहू, सचिव, सरपंच, पंच और स्व-सहायता समूह की सदस्य महिलाएं (दीदी) उपस्थित थीं।

### एक्सीडेंट में पति-पत्नी घायल

**महासमुंद।** बुलेट की टक्कर से बाइक में जा रहे पति-पत्नी घायल हो गए। मामला ग्राम पाटसेंद्री के पास का है। घटना की रिपोर्ट सरायपाली थाने में दर्ज कराई गई है। सरायपाली पुलिस को प्रार्थी रामेश्वर पटेल ग्राम खपराखोल ने बताया कि उसे 18 अगस्त को उसे सूचना मिली कि दीदी और जीजा का सागर आटो पार्ट्स पाटसेंद्री सरायपाली के आगे एक्सीडेंट हो गया है। इसके बाद वह सरायपाली के निजी हॉस्पिटल आया, जहां देखा कि उसकी दीदी प्रेमिका पटेल एवं जीजा विद्याधर पटेल एडमिट थे। पूछने पर जीजा विद्याधर पटेल ने बताया कि चंद्रपुर से अपने ग्राम खुटेरी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 8898 से दोनों आ रहे थे। ग्राम पाटसेंद्री के सागर आटो पार्टस के पहले पहुंचे थे कि सामने सरायपाली की ओर से आ रही बुलेट मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीयू 1014 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से हमारे मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

## निधन

### भुनेश्वर सिन्हा

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के भुवनेश्वर सिन्हा उम्र 45 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर परिजनो के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।



**पर्व :** बरभाठा में जन्माष्टमी पर विधायक ने की 10 लाख देने की घोषणा

# भगवान कृष्ण ने धर्म की स्थापना के लिए ही मानव रूप धारण किया था : रोहित साहू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर अंचल के ग्राम बरभाठा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूरे गांव और यादव समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू थे। विधायक साहू का स्वागत बाइक रैली और राउत नृत्य के साथ बाजे-गाजे से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। अपने संबोधन में विधायक रोहित साहू ने सभी को जन्माष्टमी की बधाई दी और कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना के लिए मानव रूप धारण किया था। उन्होंने लोगों को श्रीकृष्ण के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

विधायक साहू ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की नीतियों की तारीफ करते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों, गरीबों, महिलाओं और युवाओं के विकास पर जोर दे रही है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में दी गई गारंटियों को पूरा करने की बात कही।

**मटका फोड़, रस्सा खींच, कुर्सी दौड़ और जलेबी दौड़ स्पर्धा-** ग्रामीणों की मांग पर, विधायक ने राम कोठी भवन के निर्माण के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके अलावा, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने रसोई घर के लिए 3 लाख रुपये देने का ऐलान किया। कार्यक्रम में मटका फोड़, रस्सा खींच, कुर्सी दौड़ और जलेबी दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं, बच्चों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी विजेताओं को इनाम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नंदनी कोमल ढीढी, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, सरपंचनिर्मला पवन यदु, पूर्व सरपंच मनोज यदु, ठेकेदार ईश्वरी साहू और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, और युवा उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन आचार्य लिखन यदु ने किया।उपस्थित थे।

### कौंदकेरा में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का पर्व



**फिंगेश्वर।** ग्राम कौंदकेरा के यादव धर्मशाला में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल था। भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की का जयघोष किया। गांव की गलियों में राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी निकाली गई, जिसमें गांव की महिलाओं ने गोपियों की वेशभूषा में रासलीला की प्रस्तुति दी और मटकी फोड़ी। भगवान कृष्ण के रूप में जयांश साहू और राधा के रूप में मोहेक साहू ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर नंदकुमार यादव, कृशलाल, नारद, रेखराम, रमेश, संतोष, परदेशी, मनोज यादव, रोशन साहू और पंडित वासुदेव तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



# ज्ञानदीप शिशु मंदिर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ज्ञानदीप शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वार्ड के पार्षद भारत सोनकर ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि भारत सोनकर ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। इसके अलावा, कक्षा पांचवी तक की वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को नवकृषि ऐकेडमी अवार्ड से सम्मानित किया गया। रघुनाथ और देवेंद्र सिंह ने इन विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में हेमंत देवांगन, अक्षय अग्रवाल, ज्ञान विकास समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी और प्राचार्य रेखा तिवारी मौजूद थीं। आभार प्रदर्शन अशोक तिवारी ने किया। इस मौके पर चेतन चौहान, सुनील कंसारी, मंयक निषाद, निशा कंसारी, रोशनी साहू, मोनिका साहू, पारूल सोनकर, मंजू साहू, मोनिका सोनकर, पूर्णिमा पाल, कमलनारायण, धाविका सोनकर, आकांक्षा और छात्रसंघ अध्यक्ष वंशिका कर्नल व दक्ष देवांगन सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सड़क किनारे खड़े वाहन से कंटेनर की टक्कर

**महासमुंद।** सड़क किनारे खड़े एक वाहन से टकराने से कंटेनर चालक की मौत हो गई। घटना पिथौर थाना अंतर्गत ग्राम टेका के पास की है। पुलिस न बताया कि 16 अगस्त को रांची झारखंड से कंटेनर वाहन क्रमांक जीजे 01 एलटी 9768 का चालक मोहम्मद शादाब खान वाहन पार्सल सामान लेकर गुजरात के लिए निकला था। 17 अगस्त की सुबह करीब 4 बजे एनएच 53 रोड किनारे ग्राम टेका के पास अज्ञात वाहन का चालक अपने वाहन को रोड किनारे बिना किसी संकेत के लापरवाही् र्वक खड़ा कर दिया था। जिससे कंटेनर वाहन क्रमांक जीजे 01 एलटी 9768 टकरा गय। एक्सीडेंट में कंटेनर के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ड्रायवर मोहम्मद शादाब के सिर, गुप्तांग एवं शरीर के अन्य भाग में चोट आई और उसकी मौत हो गई। मामले में पिथौरा थाने में अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# पेंशनर समाज ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज, तहसील शाखा छुरा ने स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष तिलक राम सिन्हा ने ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में तिलक राम सिन्हा ने देश की एकता और आजादी को बनाए रखने की अपील की। चिंताराम सिन्हा ने आजादी के महत्व और भारत की विकास यात्रा के बारे में जानकारी दी। धनीराम यदु ने एक मधुर गीत प्रस्तुत किया, जबकि चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के बसंत वर्मा ने वीर शहीदों के बलिदान पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पुरुषोत्तम ध्रुवा, शंकर सिंह ध्रुव, रमन सिन्हा, बुधराम पाड़े, श्यामलाल पटेल, रामरतन ध्रुव, उत्तमचंद सिन्हा, द्वारिका प्रसाद जांगड़े, प्रभुराम सिन्हा, संतुराम यदु, बुधराम मरकाम, राधेश्याम साहू, रामसिंह कोर्राम, तुलसी राम साहू, बिराजो बाई, शांता देवांगन, माथुरा सोनवानी, पार्वती यादव, मीना साहू और गौरी बाई सहित कई पेंशनर उपस्थित थे।

# रामजानकी विद्या मंदिर में स्वतंत्रता दिवस का जश्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के वार्ड नं 12 के पार्षद भारत सोनकर ने रामजानकी विद्या मंदिर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया एवं अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होने बच्चो के लाइब्रेरी का उदघाटन और एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया। कार्यक्रम में वार्ड के गणमान्य नागरिक तथा स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# रसेला की लामेश्वरी को बेस्ट बीसी अवार्ड से नवाजा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला की महिला समूह की सदस्य लामेश्वरी कोमर्रा को छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, छुरा द्वारा 'बेस्ट बीसी अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उनके विशिष्ट कार्य और योगदान के लिए दिया गया है, जो महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास में महिला समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, छुरा के ब्रांच मैनेजर प्रदीप गहिवार और अन्य अधिकारियों के हाथों प्रदान किया गया। लामेश्वरी कोमर्रा ने प्रधानमंत्री ज्योति जीवन बीमा योजना के तहत सफल बीमा कराने में अहम भूमिका निभाई, जिसके लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। इस मौके पर उपसरपंच परमेश्वर यादव ने लामेश्वरी की तारीफ करते हुए कहा, जब गरजती है नारी शक्ति तो इतिहास बदल देती है। इस पर लामेश्वरी ने कहा, तोड़ना है हर पिंजरा, मेरी उड़ान अभी बाकी है। मंजिलें जमीं भर नहीं, अभी तो सारा आसमान बाकी है। जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा कि नारी शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है और उन्हें अपने अधिकारों के लिए जागरूक होना चाहिए। यह खबर ग्रामीण क्षेत्रों की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह साबित करती है कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। इस सम्मान के बाद, रसेला के सभी महिला समूह के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने लामेश्वरी कोमर्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# रवेली के शिक्षक देवानंद को दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रवेली में कार्यरत शिक्षक देवानंद साहू के स्थानांतरण होने पर विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें ससम्मान विदाई दी गई। शासन के युक्तियुक्तकरण आदेश के तहत उनका स्थानांतरण मैनपुर विकासखंड में हुआ है। विदाई समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने देवानंद साहू की जमकर तारीफ की। शिक्षकों ने बताया कि साहू सर ने बहुत कम समय में ही अपने सरल और सहज व्यवहार से सभी का दिल जीत लिया था। वे गूगल फॉर्म भरने या अन्य प्रशासनिक कार्यों में हमेशा अव्वल रहते थे। बच्चों ने भी अपने प्रिय शिक्षक की खूब प्रशंसा की और उन्हें पेन-कॉपी भेंट की। समारोह में उनकी धर्मपत्नी भी उपस्थित थीं।

## पेज 9 के शेष...

### कुण्डेल व छुईहा...

होती है, जिससे सड़क की हालत और भी खराब हो गई है। इसी तरह, छुईहा से चैतरा जाने वाले मार्ग पर भी छुईहा और चरौदा के बीच ललित सिन्हा के घर के पास एक खतरनाक जगह बन गई है। हाल ही में, दो महिलाएं अपनी स्कूटी से अनियंत्रित होकर गिर गईं। उन्हें अस्पताल ले जाकर इलाज कराना पड़ा। यह सड़क भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आती है और इसकी देखरेख भी अभिषेक पाटकर के जिम्मे है। **नागरिकों की मांग-** इन दोनों सड़कों की खराब स्थिति के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है। स्कूल और कॉलेज के बच्चों को भी रोजाना दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें वापस लौटना पड़ता है। क्षेत्र के नागरिकों ने सरकार और प्रशासन से जल्द से जल्द सड़कों के निर्माण की मांग की है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता अभिषेक पाटकर ने बताया कि उनके पास रखरखाव के लिए कोई राशि नहीं है और उन्होंने नई सड़क के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा है।

### पिकअप ने बाइक...

यादव ने बताया कि फरार चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना के कारणों की जांच कर रही है। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर यातायात नियमों का पालन सख्ती से कराने की मांग की है। साथ ही, तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों पर लगाम लगाने के लिए भी कदम उठाने की अपील की गई है। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है, जबकि घायल के परिजन उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

### भांजे की हत्या ...

अक्सर विवाद करता था। 17 अगस्त की रात भी झगड़ा हुआ था, जिसके दौरान आरोपी मामा चंद्रकुमार ने गुस्से में आकर चूल्हे के पास रखी लोहे की चौकोर फुंकनी से जयलाल के सिर पर हमला किया। इसके बाद उसने गला दबाकर भांजे की हत्या कर दी। पर्याप्त साक्ष्य और आरोपी के इकबालिया बयान के बाद, पुलिस ने चंद्रकुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### जनदर्शन में कलेक्टर...

बकली के सुनील मिरी ने व्यावसायिक योगदान दिलाने, ग्राम गोंदलाबाहरा के होरीलाल कमार एवं प्रेमलाल खैरवार ने वन अधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करने, ग्राम पंचायत कुटेना के कलीराम ने नाली को सफाई करवाने, ग्राम कोडोहरदी के लालतु राम ने विद्युत तार को अन्यत्र जगह हटाने से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये है। इस पर कलेक्टर श्री उइके ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, नवीन भगत, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ सहित जिला अधिकारी मौजूद थे।

### बाइक चोरी करने...

कर लिया। उसने बताया कि उसने 20 जून की रात सब्जी मंडी से बाइक चोरी की थी और पुलिस से बचने के लिए उसकी नंबर प्लेट बदल दी थी। पुलिस ने आरोपी नंदलाल ध्रुव (35 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बाइक बरामद कर ली है और नियमानुसार कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

# ग्राम मानिकचौरी में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने गृह ग्राम मानिकचौरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान शाला परिसर में वृक्षारोपण, मेघावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह, व प्रमाण पत्र, स्वच्छता समूह के दीदियो को श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि भारत अमेरिका के दबाव के आगे घुटने नहीं टेकेगा यहाँ के किसानों, यहाँ के मछुवारों, पशुपालको, मजदूरों का सिर झुकने नहीं दिया जायेगा इस बात का एलान लाल किला से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। विकसित भारत के संकल्प में प्रत्येक वर्ग की सहभागिता पर जोर दिया और प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में सरपंच हेमलता साहू, सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल, शाला विकास समिति के पदाधिकारियो सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।








































संकलनकर्ता : भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता, छुईया-बेलर, मो. 9589469068
शिखा सिन्हा

## खबर संक्षेप

### सीएचसी में फार्मासिस्ट दुष्यंत हुए सम्मानित



**नवापारा-राजिम।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर के शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ध्वजारोहण हुआ। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.तेजेंद्र साहू ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले फार्मासिस्ट दुष्यंत साहू को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। दुष्यंत साहू के अलावा सम्मानित होने वालो में रामअवतार यदु, देवकी साहू,,स्टाफ नर्स टिकेश्वरी बघेल, डिंपल विनायक,डाटा ऑपरेटर महेंद्र साहू, रेडियोग्राफर रेवा राम ध्रुव, महेंद्र दीवान, विमला देवांगन, रवि यादव शामिल है।

### करकरा में गोदाम भवन के लिए हुआ भूमिपूजन



**मुड़ागांव (कोरासी)।** छुरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करकरा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान और गोदाम भवन का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर सरपंच बहुरसिंह दीवान, उपसरपंच लाल बहादुर यादव, पंच शीतल निषाद, ग्राम पटेल मुलचंद निर्मलकर, ग्रामीण अध्यक्ष भुसन पटेल सहित कई वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। भूमिपूजन में ओमप्रकाश साहू, परदेशीराम, हेमकुमार, नरसिंह, प्रेमलाल, जगलाल, दरवण बघेल और घनश्याम निषाद सहित अन्य ग्रामवासी भी शामिल हुए।

### मैनपुर स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण होगा, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के उपस्वास्थ्य केन्द्रो के प्रतिदिन नही खुलने और ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नही मिलने की लगातार शिकायत पर अब प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो की प्रतिदिन निरीक्षण के लिए स्थानीय अधिकारियो को तैनात किया गया है जो अचानक अब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रो के निरीक्षण कर वहां उपस्थित अधिकारी कर्मचारी एवं व्यवस्था की जानकारी कार्यालय को देंगे। जिससे िंनि"चत रूप से क्षेत्र के ग्रामीणों और मरीजो को इसका लाभ मिलेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रो का प्रति सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, प्रति बुधवार को तहसीलदार मैनपुर एवं प्रति शनिवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपुर द्वारा निरीक्षण किया जायेगा वही अमलीपदर क्षेत्र में भी इसी तरह निरीक्षण के लिए रोस्टर बताया गया है। मैनपुर एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने बताया लगातार ग्रामीणों के शिकायत के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण के लिए रोस्टर बनाया गया है जिसके तहत स्थानीय अधिकारी निरीक्षण कर इसकी जानकारी कार्यालय को देंगे।

### सोहम हॉस्पिटल में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**महासमुंद।** समीपस्थ ग्राम लभराखुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में 117वां निःशुल्क स्वास्थ्य रविवार को आयोजित हुआ। जिसमें 70 से अधिक मरीजों का डॉक्टर सोमी चंद्राकर एवं डॉक्टर युगल चंद्राकर ने जांच की साथ ही 35 मरीजों की निःशुल्क सोनोग्राफी की गई। विभिन्न बीमारियों के मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर उचित मार्गदर्शन दिया गया। इस शिविर में जिले के बागबाहरा क्षेत्र सहित तुमगांव, पिथौरा के मरीज लाभान्वित हुए। बता दें कि हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. युगल चंद्राकर के मार्गदर्शन में समय-समय पर इस तरह के निशुल्क सेवा के कार्य सोहम परिवार के माध्यम से चलाए जाते हैं।

**मांग : बारिश के बीच किसानों ने रैली निकाल किया एसडीएम कार्यालय का घेराव**

# खाद की किल्लत से परेशान किसानों का चक्काजाम टला, दी 3 दिन की मोहलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड में पिछले एक महीने से सहकारी सोसायटियों में खाद नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। खुले बाजार में खाद तीन गुना अधिक कीमत पर बिक रही है, जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। इसी मुद्दे पर किसान संघर्ष समिति के बैनर तले किसानों ने आज 19 अगस्त को नेशनल हाईवे 130 सी पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी थी। चक्काजाम की घोषणा के बाद, सोमवार देर रात को मैनपुर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में दो ट्रक यूरिया खाद पहुंचाई गई। इसके बाद, स्थानीय अधिकारियों ने किसान संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ देर रात तक बैठक की। अधिकारियों ने किसानों को पर्याप्त खाद जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसान आंदोलन स्थगित करने पर राजी हो गए। हालांकि, मंगलवार सुबह भारी बारिश के बावजूद दूर-दराज के गांवों से सैकड़ों किसान नदी-नालों को पार करके मैनपुर पहुंचे और गोंडवाना भवन में किसान संघर्ष समिति की बैठक में हिस्सा लिया। लगभग 6 घंटे चली इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिकारियों के आश्वासन के बाद आज का चक्काजाम स्थगित किया जाता है, लेकिन अगर तीन दिनों के भीतर मैनपुर में यूरिया, डीएपी और पोटाश पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंचा, तो किसान उग्र आंदोलन करेंगे और नेशनल हाईवे पर चक्काजाम करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।









### एसडीएम कार्यालय का किया घेराव

मुसलाधार बारिश के बीच भी किसानों ने एक विशाल रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने गरियाबंद कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एक ओर किसानों ने खाद पहुंचाने के लिए प्रशासन का धन्यवाद किया, वहीं दूसरी ओर उन्होंने तीन दिनों के भीतर पर्याप्त खाद उपलब्ध न होने पर फिर से चक्काजाम करने की चेतावनी दी।

### कालाबाजारी और अधिकारियों पर आरोप

बैठक में किसानों ने यह गंभीर आरोप लगाया कि खुलेआम बाजारों में खाद की कालाबाजारी हो रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी कालाबाजारी करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं करते। किसानों का कहना है कि जब भी छापेमारी की सूचना मिलती है, तो अधिकारी दुकानदारों को पहले ही फोन करके आगाह कर देते हैं, जिससे दुकानें बंद हो जाती हैं। किसानों ने ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि वे सरकार की छवि खराब कर रहे हैं। मैनपुर में चक्काजाम को टालने में मैनपुर के थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर किसानों को समझाने और विश्वास दिलाने का काम किया, जिससे आज का चक्काजाम टल गया। इस बैठक में किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष टीकम सिंह कपिल, संरक्षक खेदू नेगी, प्रेमसाय जगत, छबि दीवान, सियाराम ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव और अन्य प्रमुख नेता और सैकड़ों किसान उपस्थित थे। बैठक का संचालन गेंदू यादव ने किया।

## युक्तियुक्तकरण में अनियमितता के आरोप, शिक्षकों में भारी रोष

**राजिम।** गरियाबंद जिले में हुए युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पर गंभीर आरोप लग रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से दोषपूर्ण और अव्यवहारिक थी, जिसमें बड़े पैमाने पर अनियमितताएं बरती गईं। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों ने अपने चहेतों को बचाने और अन्य शिक्षकों, यहाँ तक कि महिला शिक्षिकाओं को भी, दूरस्थ और दुर्गम स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया। जानकारी के अनुसार, 1 से 3 जून तक हुई काउंसलिंग में कई गंभीर कमियां सामने आईं हैं। आरोप है कि सीनियर शिक्षकों को अतिशेष बनाया गया। जूनियर शिक्षकों को बचाकर उनसे सीनियर शिक्षकों को अतिशेष घोषित किया गया।

**मानवीयता का अभाव:** गंभीर बीमारियों से ग्रस्त शिक्षकों और पति-पत्नी दोनों के नौकरी में होने की स्थिति में भी मानवीयता नहीं दिखाई गई। कई शिक्षकों को 150 किलोमीटर दूर दुर्गम स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया, जिसे एक तरह की 'सजा' माना जा रहा है।

**स्थानीय शिक्षकों की अनदेखी:** छुरा विकासखंड में आज भी कई एकल शिक्षक वाले स्कूल हैं, लेकिन संभाग स्तरीय काउंसलिंग में इन जगहों पर धमतरी जिले के शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई, जबकि यहां के प्रभावित शिक्षकों को मौका नहीं दिया गया। छुरा के शिक्षा अधिकारी के निलंबन का प्रस्ताव कलेक्टर द्वारा भेजा गया था, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह, फिंगेश्वर और मैनपुर के शिक्षा अधिकारियों पर भी अपने चहेतों को बचाने के आरोप लगे हैं। मैनपुर में एक माध्यमिक शाला में 2 शिक्षकों की जरूरत थी, लेकिन 4 पद रिक्त दिखाकर वहां पदस्थापना कर दी गई।

**न्यायालय से राहत, लेकिन समिति ने खारिज किया आवेदन-** इन अनियमितताओं से परेशान होकर 6 शिक्षकों ने बिलासपुर उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की। न्यायालय ने उन्हें राहत देते हुए जिला स्तरीय समिति के सामने अपना आवेदन प्रस्तुत करने का आदेश दिया। हालांकि, समिति ने कोर्ट के आदेश को गंभीरता से लेते हुए केवल दो मामलों को ही स्वीकार किया और बाकी चार आवेदनों को सिरे से खारिज कर दिया। जिन दो शिक्षिकाओं को राहत मिली, उनमें पार्वती बंदे को पूर्व माध्यमिक शाला कुल्हाड़ीघाट मैनपुर से बिंद्रानवागढ़ गरियाबंद और हेमलता निर्मलकर को पूर्व माध्यमिक शाला सरकड़ा स्थानांतरित किया गया। शिक्षकों में व्याप्त रोष और जिला समिति के इस निर्णय से यह स्पष्ट है कि अभी भी इस मामले में निष्पक्ष सुनवाई की उम्मीद कम है।

## सशिम रानीपरतेवा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)



सरस्वती शिशु मंदिर रानीपरतेवा में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भैया-बहिनों ने श्री कृष्ण, बलराम, सुदामा और गोप-ग्वालों की मनमोहक झांकियां निकालीं। बच्चों ने गाजे-बाजे के साथ गांव के गली-मोहल्लों में दही लूट का कार्यक्रम किया। इस दौरान 30 से 40 जगहों पर मटकी फोड़ी गई। गांव की माताओं और बहनों ने श्री कृष्ण, बलराम और राधा रानी की पूजा-अर्चना कर सुख-शांति और ऐश्वर्य की कामना की। शाला विकास समिति के संरक्षक गोवर्धन मरकाम ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने हमेशा सत्य का साथ दिया और धर्म की रक्षा की। उन्होंने सभी को गीता के उपदेशों का अनुसरण करने की सलाह दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दीनदयाल निषाद (व्यवस्थापक), हुमेश्वर सिंह राजपूत (प्रधानाचार्य), बलराम साहू (सदस्य) और आचार्य परिवार के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। इनके अलावा, शिशु भारती के अध्यक्ष अजय निषाद, टीकम निषाद, हंसिता मरकाम, गुरमान सिंह राजपूत, फाल्गुनी सिन्हा, वंशिका गोस्वामी और समस्त ग्रामवासियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## भैंसामुड़ा में जिला स्तरीय कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



ठेठवार यादव समाज जिला कार्यकारिणी, गरियाबंद के तत्वावधान में ग्राम भैंसामुड़ा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में जिले भर से यादव समाज के लोग एकजुट हुए। सुबह 10 बजे महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर एक भव्य कलश यात्रा निकाली। यादव समाज के लोग आकर्षक वेशभूषा में सजे हुए थे और ढोल-निशान की धुन पर नाचते-गाते हुए नगर भ्रमण किया। बच्चों ने कृष्ण और राधा का रूप धारण कर दही हांडी फोड़ी। मुख्य मंच पर छुरा राज, राजिम राज, फिंगेश्वर राज, और रावड़ पार के प्रमुखों सहित क्षेत्र के हजारों लोग मौजूद थे, जिन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की महाआरती में भाग लिया। इस दौरान 'जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में पंजीरी प्रसाद का वितरण किया गया और हजारों लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। मध्यांतर के बाद, अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कोसरिया यादव समाज के प्रदेश महामंत्री कमलेश यादव ने सामाजिक एकता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यादव समाज को अलग-अलग शाखाओं में बंटे होने के बजाय एक मंच पर आकर समाज के विकास पर विचार करना चाहिए। ठेठवार यादव समाज महासभा के संरक्षक जोहत राम यादव ने भी यादवों को संगठित रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, बंटेंगे तो कमजोर होंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे। ठेठवार यादव समाज के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि यादव समाज जनसंख्या की दृष्टि से दूसरे नंबर पर है, लेकिन संगठन की कमी के कारण समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। उन्होंने सभी यादवों को एकजुट होकर सामाजिक उत्थान के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया। जिला पंचायत सदस्य गौरी शंकर कश्यप और लेख राज ध्रुवा ने भी संबोधित किया। उन्होंने संगठन की शक्ति पर जोर दिया। कार्यक्रम में अवध राम साहू, फूलेश्वरी ध्रुव, सूखबती टांडे और अनुसुइया यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रमुख सदस्यों ने अपनी बात रखी। शंकर लाल यदु, अध्यक्ष, ठेठवार यादव समाज छुरा, ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कन्हैयालाल यादव ने किया।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय कोसमबुडा का एनएबीईटीक्यू टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा





एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कोसमबुडा छुरा का एनएबीईटीक्यू टीम द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालय के सभी पहलुओं की गहन समीक्षा करना था, जिसमें मुख्य रूप से शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक और स्थानीय समुदाय जैसे हितधारकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। निरीक्षण टीम ने विद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक कामकाज से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की। इनमें खेल रजिस्टर, कक्षा 6 की प्रवेश मेरिट सूची, पुस्तकालय के रजिस्टर, मेस मेन्यू, रोगी रजिस्टर, अग्नि सुरक्षा दस्तावेज़, सीसीए (सह-पाठ्यक्रम गतिविधि) रजिस्टर, कैश बुक, बजट और ऑडिट से संबंधित अभिलेख, बिल वाउचर, और कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर शामिल थे। निरीक्षण टीम ने शिक्षकों की कक्षाओं को भी रिकॉर्ड किया। सामाजिक विज्ञान के शिक्षक आशुतोष त्रिपाठी, गणित के शंकर चोपड़ा, अंग्रेजी की लिपिका कोले, विज्ञान के सुधांशु, भौतिक विज्ञान के रजत पाल और जीव विज्ञान के मयंक यादव की शिक्षण प्रक्रिया का मूल्यांकन किया गया। टीम ने विद्यालय की प्रगति पर अभिभावकों, जिनमें डोमार सिंह ध्रुव, यादराम ठाकुर, एवति ठाकुर, दुलार सिंह और शरद राम शामिल थे, के विचार भी जाने। ग्राम सरपंच किरण ठाकुर ने भी विद्यालय की शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों पर संतोष व्यक्त किया। शिक्षकों मयंक यादव, रजत पाल, जुईशाखी पॉल, ललित कुमार, धर्मेंद्र चाहर और श्वेता से विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें उन्होंने अपनी भूमिकाओं और शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इसके अलावा, विभिन्न कक्षाओं के छात्रों से भी उनकी राय ली गई, जिन्होंने विद्यालय के बारे में अपने विचार साझा किए।

### प्राचार्या की प्रतिक्रिया और निरीक्षण का महत्व

प्रभारी प्राचार्या श्वेता ने कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उन्हें इस विद्यालय की प्रगति और संचालन की जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है, जिसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों पर जोर दिया जाता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एनएबीईटीक्यू टीम ने अप्रैल में सभी एकलव्य विद्यालयों का निरीक्षण किया था, जिसमें से 81 सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों का दोबारा निरीक्षण किया जाना था। उसी के तहत यह निरीक्षण हुआ। उन्होंने कहा कि उन्होंने टीम के सभी प्रश्नों के सार्थक उत्तर दिए और विद्यालय से जुड़ी समस्याओं को भी उनके सामने रखा।

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर से मिलिए
21 अगस्त दिन गुरूवार
कुलेश्वर मेडिकल, सरकारी अस्पताल के पास, श्यामाचरण चौक, राजिम
समय - सुबह 10:30 से 3 बजे तक

शुगर के खतरे से बचे होम्योपैथी दवा द्वारा उपचार
शुगर के कारण सुस्ती कमजोरी थकान, भूख कम लगना

- अर्थराइटिस / (जोड़ो पद दर्द) न्यूरोपैथी (नशों में दर्द)
- L4-L5 नशों में दबाव के कारण अकड़न, चलने पर दर्द, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान।
- घुटना दर्द - घुटने में सूजन, कट- कट की आवाज, बैठकर उठने, चलने पर दर्द होना, हड्डी में गैफ, लिक्विड़ कम होना।
- मूत्र एवं किडनी रोग - (पेशाब नली की सिकुड़न, प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना, UTI बार-बार इंफेक्शन) मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, धार कमजोर, ऐसा लगता है, पेशाब बचा है और बार-बार जाना, रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, कपड़े पर लिकेज होना। शुगर के कारण पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना, यौन कमजोरी (Erectile Dysfunction) शुक्राणु की कमी।
- विशेष चिकित्सा - फंगल इन्फेक्शन, खुजली, सफेद दाग
FATTY LIVER - भूख कम लगना, गैस, पेटफूलना, पेट साफ न होना।
पाईल्स, भगन्दर, फिशर (गुदामार्ग पर जलन, दर्द, मवाद आना।)

जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें



Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर




